रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-16072020-220555
CG-DL-E-16072020-220555

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 345] नई दिल्ली, बुधवार, जुलाई 15, 2020/ आषाढ़ 24, 1942
No. 345] NEW DELHI, WEDNESDAY, JULY 15, 2020/ASHADHA 24, 1942

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

(उपभोक्ता मामले विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 15 जुलाई, 2020

सा.का.नि. 448(अ).—केंद्रीय सरकार, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 (2019 का 35) की धारा 101 की उप-धारा (1) तथा उप-धारा (2) के खंड (क), (त), (थ), (ध), (प), (फ), (म), (य), (य घ), (य ङ) और (य ञ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और उपभोक्ता संरक्षण नियम, 1987 के अधिक्रमण में, जहां तक ये इन नियमों के अधीन आने वाले मामलों से संबंधित हैं, उन बातों के सिवाय जिन्हें ऐसे अधिक्रांत करते हुए अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है, निम्नलिखित नियम बनाती हैं, अर्थात् :-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ –** (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम उपभोक्ता संरक्षण (उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग) नियम, 2020 है।

   (2) ये 20 जुलाई, 2020 को प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं –** (1) **इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ की अन्यथा अपेक्षित हो,** -

   (क) 'अधिनियम' से उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 (2019 का 35) अभिप्रेत है;

   (ख) 'अपीलकर्ता' से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो राष्ट्रीय आयोग, राज्य आयोग अथवा जिला आयोग, जैसा भी मामला हो, के आदेश के विरूद्ध अपील करता है;

(ग) 'प्राधिकृत अभिकर्ता' से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो किसी पक्ष की ओर से राष्ट्रीय आयोग, राज्य आयोग अथवा जिला आयोग, जैसा भी मामला हो, के समक्ष कोई शिकायत, अपील अथवा उत्तर प्रस्तुत करने के लिए पक्ष द्वारा विधिवत् प्राधिकृत किया गया है;

(घ) 'आयोग' से जिला आयोग, राज्य आयोग अथवा राष्ट्रीय आयोग, जैसा भी मामला हो, अभिप्रेत है;

(ङ) 'उपभोक्ता कल्याण कोष' से राज्य सरकार अथवा जैसा भी मामला हो, केंद्रीय सरकार द्वारा केंद्रीय माल एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का 12) की धारा 57 के अधीन स्थापित उपभोक्ता कल्याण कोष अभिप्रेत है;

(च) 'ज्ञापन' से किसी अपीलकर्ता द्वारा दायर की गई अपील का ज्ञापन अभिप्रेत है;

(छ) 'राष्ट्रीयकृत बैंक' से बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की पहली अनुसूची में विनिर्दिष्ट तत्स्थानी नया बैंक अथवा बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980 (1980 का 40) की पहली अनुसूची में विनिर्दिष्ट तत्स्थानी नया बैंक अभिप्रेत है;

(ज) 'प्रतिपक्ष' से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो अधिनियम के अधीन किसी शिकायत का उत्तर देता है;

(झ) 'अध्यक्ष' से राष्ट्रीय आयोग, राज्य आयोग अथवा जिला आयोग, जैसा भी मामला हो, का अध्यक्ष अभिप्रेत है;

(ञ) 'प्रतिवादी' से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो अपील ज्ञापन का उत्तर देता है;

(ट) 'धारा' से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है;

(ठ) 'राज्य' में संघ राज्य क्षेत्र सम्मिलित हैं।

(2) इनमें उपयोग किए गए ऐसे शब्द और वाक्यांश, जिन्हें इनमें परिभाषित नहीं किया गया है परंतु अधिनियम में परिभाषित किया गया है, का अर्थ वही होगा जैसा अधिनियम में परिभाषित किया गया हो।

3. **राष्ट्रीय आयोग के कार्यदिवस और कार्य समय –** राष्ट्रीय आयोग के कार्यदिवस और कार्य समय वही होंगे जो केंद्रीय सरकार के हैं।

4. **मुहर और प्रतीक –** राष्ट्रीय आयोग की आधिकारिक मुहर और प्रतीक वहीं होंगे जैसा कि केंद्रीय सरकार द्वारा विहित किए जाएं।

5. **राष्ट्रीय आयोग की बैठक –** राष्ट्रीय आयोग के अध्यक्ष, आवश्यकता पड़ने पर, राष्ट्रीय आयोग की बैठकों का संयोजन करेंगे, और ये बैठकें राष्ट्रीय आयोग द्वारा अधिसूचित की जाएंगी।

6. **विश्लेषण और परीक्षण के लिए राष्ट्रीय आयोग द्वारा वस्तु के अधिप्रमाणन की पद्धति –** (1) परीक्षण अथवा विश्लेषण के प्रयोजनार्थ राष्ट्रीय आयोग, शिकायतकर्ता को वस्तु के एक या एक से अधिक नमूने साफ कंटेनरों, जिन पर उचित रूप से स्टॉपर लगाया गया हो, में उपलब्ध कराने का निदेश दे सकता है।

(2) ऐसी वस्तुओं के नमूने प्राप्त करने के पश्चात, राष्ट्रीय आयोग इन नमूनों को सीलबंद करेगा और कंटेनरों पर लेबल चस्पा करेगा जिस पर निम्नलिखित जानकारियों का उल्लेख होगा, अर्थात्: –

(क) उस उपयुक्त प्रयोगशाला का नाम और पता जहां नमूने को विश्लेषण और परीक्षण के लिए भेजा जाएगा;

(ख) राष्ट्रीय आयोग का नाम और पता;

(ग) वाद संख्या; और

(घ) राष्ट्रीय आयोग की आधिकारिक मुहर।

(3) राष्ट्रीय आयोग द्वारा सीलबंद नमूने को मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला में भेजा जाएगा।

(4) मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला, सीलबंद नमूने को प्राप्त करने और इसकी जांच करने के उपरांत, पैंतालीस दिनों अथवा राष्ट्रीय आयोग द्वारा यथास्वीकृत विस्तारित अवधि के भीतर दोष की प्रकृति और रिपोर्ट प्रस्तुत करने की तारीख विनिर्दिष्ट करते हुए राष्ट्रीय आयोग को अपनी रिपोर्ट अग्रेषित करेगी।

7. **शिकायत दायर करने के लिए शुल्क –** (1) धारा 35 की उप-धारा (1) अथवा धारा 47 की उप-धारा (1) के खंड (क) के उप-खंड (i) और (ii) अथवा धारा 58 की उप-धारा (1) के खंड (क) के उप-खंड (i) और (ii) के अधीन दायर की गई प्रत्येक शिकायत के साथ जिला आयोग के अध्यक्ष अथवा राज्य आयोग के पंजीयक अथवा राष्ट्रीय आयोग के पंजीयक, जैसा भी मामला हो, के पक्ष में किसी राष्ट्रीयकृत बैंक पर देय रेखांकित डिमांड ड्राफ्ट के रूप में अथवा रेखांकित भारतीय पोस्टल ऑर्डर, जो उस स्थान पर देय हो जहां जिला आयोग, राज्य आयोग अथवा राष्ट्रीय आयोग स्थित है, के माध्यम से अथवा संबंधित आयोग द्वारा की गई व्यवस्था के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से शुल्क, जैसा कि नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट है, जमा कराना होगा।

(2) जिला आयोग अथवा राज्य आयोग, जैसा भी मामला हो, उप-नियम (1) के अधीन उनके द्वारा प्राप्त की गई शुल्क की राशि को राज्य के उपभोक्ता कल्याण कोष और जहां ऐसा उपभोक्ता कल्याण कोष स्थापित नहीं है, राज्य सरकार के उपयुक्त खाते में जमा कराएंगे, तथा राष्ट्रीय आयोग उसके द्वारा प्राप्त की गई ऐसी राशि को केंद्रीय सरकार के उपभोक्ता कल्याण कोष में जमा कराएगा।

सारणी

क्रम सं.	वस्तुओं अथवा सेवाओं के प्रतिफल के रूप में भुगतान किया गया मूल्य	देय शुल्क की राशि
(1)	(2)	(3)
	<u>जिला आयोग</u>	
1.	पांच लाख रूपये तक	शून्य
2.	पांच लाख रूपये से अधिक और दस लाख रूपये तक	200/- रूपये
3.	दस लाख रूपये से अधिक और बीस लाख रूपये तक	400/- रूपये
4.	बीस लाख रूपये से अधिक और पचास लाख रूपये तक	1000/- रूपये
5.	पचास लाख रूपये से अधिक और एक करोड़ रूपये तक	2000/- रूपये
	<u>राज्य आयोग</u>	
6.	एक करोड़ रूपये से अधिक और दो करोड़ रूपये तक	2500/- रूपये
7.	दो करोड़ रूपये से अधिक और चार करोड़ रूपये तक	3000/- रूपये
8.	चार करोड़ रूपये से अधिक और छः करोड़ रूपये तक	4000/- रूपये
9.	छः करोड़ रूपये से अधिक और आठ करोड़ रूपये तक	5000/- रूपये
10.	आठ करोड़ रूपये से अधिक और दस करोड़ रूपये तक	6000/- रूपये
	<u>राष्ट्रीय आयोग</u>	
11.	दस करोड़ रूपये से अधिक	7500/- रूपये

8. **इलेक्ट्रॉनिक रूप में शिकायत दायर करने की पद्धति –** राष्ट्रीय आयोग, राज्य आयोग और जिला आयोग में इलेक्ट्रॉनिक रूप में शिकायत दायर करने की शुरूआत उस तारीख से और वादों की ऐसी श्रेणी के लिए प्रभावी होगी जो समय-समय पर राष्ट्रीय आयोग के अध्यक्ष द्वारा अधिसूचित की जाएगी।

9. **राष्ट्रीय आयोग, राज्य आयोग और जिला आयोग की अतिरिक्त शक्तियां – (1)** राष्ट्रीय आयोग, राज्य आयोग अथवा जिला आयोग, जैसा भी मामला हो, को किसी व्यक्ति से निम्नलिखित अपेक्षित करने की शक्तियां प्राप्त होंगी –

(क) आयोग के समक्ष ऐसी बही, लेखा, दस्तावेज अथवा वस्तु प्रस्तुत करना जो उस व्यक्ति के संरक्षण अथवा नियंत्रण में है और जो आयोग के समक्ष किसी कार्यवाही के प्रयोजन से प्रस्तुत किए जाने के लिए अपेक्षित हैं, तथा इनकी जांच किए जाने और आयोग के किसी ऐसे अधिकारी के पास रखे जाने की अनुमति देना जिसे इसके लिए विनिर्दिष्ट किया जाएगा।

(ख) आयोग के समक्ष किसी कार्यवाही के प्रयोजनार्थ यथाअपेक्षित ऐसी जानकारी को खंड (क) में विनिर्दिष्ट अधिकारी को प्रस्तुत करना।

(2) इस अधिनियम के अधीन किसी कार्यवाही के दौरान, जब राष्ट्रीय आयोग, राज्य आयोग अथवा जिला आयोग, जैसा भी मामला हो, को यह विश्वास करने का कोई आधार हो कि ऐसी कार्यवाहियों में प्रस्तुत किए जाने के लिए

अपेक्षित किसी बही, दस्तावेज, वस्तु अथवा कागजात को विनष्ट, विकृत, बदला, मिथ्या रूप से प्रस्तुत अथवा छिपाया जा रहा है अथवा जा सकता है, तो यह लिखित आदेश के जरिए किसी अधिकारी को किसी परिसर में प्रवेश और खोजबीन करने किसी बही, कागजात, दस्तावेज अथवा वस्तु की जब्ती करने, जैसा उस कार्यवाही के प्रयोजनों के लिए अपेक्षित हो, के लिए प्राधिकृत कर सकता है।

परंतु ऐसी जब्ती किए जाने के यथाशीघ्र अथवा ऐसी जब्ती किए जाने के बाद बहत्तर घंटों से अनधिक अवधि के भीतर ऐसी जब्ती करने के लिए लिखित रूप में कारणों का उल्लेख करते हुए ऐसी जब्ती की सूचना राष्ट्रीय आयोग, राज्य आयोग अथवा जिला आयोग, जैसा भी मामला हो, को दी जाएगी।

(3) राष्ट्रीय आयोग, राज्य आयोग अथवा जिला आयोग, जैसा भी मामला हो, जब्त किए गए दस्तावेजों अथवा वस्तुओं की जांच के उपरांत उनके प्रतिधारण अथवा उन्हें संबंधित पक्ष को वापिस किए जाने के आदेश दे सकता है।

10. **ऐसे उपभोक्ताओं, जिनका आसानी से अभिनिर्धारण नहीं किया जा सकता, को हुई हानि अथवा क्षति के लिए देय राशि को जमा कराना –** (1) जब कभी जिला आयोग, राज्य आयोग अथवा राष्ट्रीय आयोग द्वारा क्रमशः धारा 49 की उप-धारा (1) अथवा धारा 59 की उप-धारा (1) के अधीन इन्हें प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए धारा 39 की उप-धारा (1) के खंड (ट) के अधीन बड़ी संख्याओं में ऐसे उपभोक्ताओं, जिनका आसानी से पता नहीं लगाया जा सकता, को हुई हानि अथवा क्षति के लिए प्रतिपक्ष को ऐसी राशि, जो उसके द्वारा निर्धारित की जाए, का भुगतान करने का निर्देश देते हुए कोई आदेश जारी किया जाए, तो ऐसी राशि जिला आयोग और राज्य आयोग द्वारा राज्य सरकार द्वारा स्थापित किए गए उपभोक्ता कल्याण कोष में तथा राष्ट्रीय आयोग द्वारा केंद्रीय सरकार द्वारा स्थापित किए गए उपभोक्ता कल्याण कोष में जमा की जाएगी।

(2) उप नियम (1) के केंद्रीय सरकार के उपभोक्ता कल्याण कोष में जमा की गई राशि को केंद्रीय माल एवं सेवा कर नियमावली, 2017 के नियम 97 के अनुसार उपयोग किया जाएगा तथा उप-नियम (1) के अधीन राज्य सरकार के उपभोक्ता कल्याण कोष में जमा की गई राशि को राज्य माल एवं सेवा कर नियमावली, 2017 के अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार उपयोग किया जाएगा।

11. **राज्य आयोग के समक्ष अपील दायर करने और सुनवाई की प्रक्रिया –** (1) अपीलकर्ता अथवा उनके प्राधिकृत अभिकर्ता द्वारा राज्य आयोग को एक ज्ञापन व्यक्तिगत रूप से अथवा राज्य आयोग को विधिवत सम्बोधित पावती के साथ पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा।

(2) उप-नियम (1) के अधीन दायर किया गया प्रत्येक ज्ञापन प्राथमिकता के तौर पर टंकित अथवा पठनीय हस्तलिपि में होना चाहिए तथा किसी तर्क-वितर्क अथवा विवरणात्मक तथ्यों के बिना अपील के विशिष्ट शीर्षों, आधारों के अधीन संक्षेप में होना चाहिए तथा ऐसे आधारों को क्रमवार रूप से क्रमांक अंकित किया जाना चाहिए।

(3) प्रत्येक ज्ञापन के साथ जिला आयोग के आदेश, जिसके विरूद्ध अपील की गई है, की प्रमाणित प्रति तथा ऐसे दस्तावेज जो ज्ञापन में उल्लिखित अपील के आधारों को समर्थित करने के लिए अपेक्षित हों, प्रस्तुत किए जाने चाहिए।

(4) यदि अपील धारा 41 में यथाविनिर्दिष्ट समयावधि की समाप्ति के पश्चात् प्रस्तुत की जाती है, तो ज्ञापन के साथ एक आवेदन जो एक ऐसे शपथपत्र द्वारा समर्थित किया जाएं जिस पर वे तथ्य दिए गए हों जिन पर अपीलकर्ता राज्य आयोग को संतुष्ट करने के लिए निर्भर है कि उसके पास समयावधि के भीतर अपील को वरीयता न दिए जाने के पर्याप्त कारण हैं।

(5) अपीलकर्ता कार्यालय प्रयोग के लिए राज्य आयोग को ज्ञापन की चार प्रतियां प्रस्तुत करेगा।

(6) सुनवाई की तारीख पर अथवा किसी अन्य दिन, जिसे सुनवाई स्थगित की जाए, पक्ष अथवा उनके प्राधिकृत अभिकर्ता राज्य आयोग के समक्ष उपस्थित होंगे, और जहां

(क) अपीलकर्ता अथवा उसका प्राधिकृत अभिकर्ता उपस्थित होने में असफल रहता है, राज्य आयोग, अपने विवेकानुसार, अपील को खारिज कर सकता है अथवा वाद की विशिष्टता के आधार पर एकपक्षीय निर्णय दे सकता है।

(ख) प्रतिवादी अथवा उसका प्राधिकृत अभिकर्ता उपस्थित होने में असफल रहता है, राज्य आयोग एकपक्षीय कार्यवाही करेगा और वाद की विशिष्टता के आधार पर निर्णय देगा।

(7) अपीलकर्ता को ज्ञापन में उल्लिखित न किए गए किसी आधार के समर्थन में, राज्य आयोग की अनुमति के बिना, आग्रह नहीं करेगा अथवा सुना नहीं जाएगा, किंतु राज्य आयोग अपील पर निर्णय देते समय ज्ञापन में उल्लिखित

अपील के अथवा इस नियम के अधीन राज्य आयोग की अनुमति द्वारा लिए गए आधारों तक ही स्वयं को सीमित नहीं रखेगा:

परंतु राज्य आयोग अपने निर्णय को किसी अन्य आधार पर नहीं छोड़ेगा जब तक कि उससे प्रभावित होने वाले पक्ष को राज्य आयोग द्वारा कम-से-कम सुने जाने का अवसर प्रदान न किया गया हो।

(8) राज्य आयोग द्वारा किसी भी चरण में सामान्यतः किसी भी स्थगन की अनुमति नहीं दी जाएगी, जब तक कि पर्याप्त कारण न दर्शाए गए हो और स्थगन की अनुमति के कारणों को राज्य आयोग द्वारा लिखित रूप में लेखबद्ध न कर लिया गया हो:

परंतु राज्य आयोग सामान्य तौर पर एक से अधिक स्थगन की अनुमति नहीं देगा और जहां तक संभव हो यह सुनिश्चित करेगा कि अपील दायर होने की तारीख से नब्बे दिनों की अवधि के भीतर अपील पर निर्णय ले लिया जाए:

परंतु यह भी कि पहले परंतुक में विनिर्दिष्ट अवधि के बाद निस्तारित की जा रही अपील के मामले में, राज्य आयोग उक्त अपील के निस्तारण के समय इसके कारणों को लिखित रूप में लेखबद्ध करेगा।

(9) अपील के संबंध में राज्य आयोग के आदेश को पीठ में सम्मिलित राज्य आयोग के सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित और दिनांकित किया जाएगा और संबंधित पक्षों को आदेश की निःशुल्क सूचना दी जाएगी।

12. **राष्ट्रीय आयोग के समक्ष शिकायतों के संबंध में प्रक्रिया –** (1) शिकायतकर्ता द्वारा राष्ट्रीय आयोग में व्यक्तिगत रूप से अथवा उसके अभिकर्ता द्वारा अथवा उस आयोग को सम्बोधित पंजीकृत डाक के माध्यम से शिकायत प्रस्तुत की जाएगी, जिसमें निम्नलिखित विवरण सम्मिलित होंगे, अर्थात् : –

(क) शिकायतकर्ता का नाम, विवरण और पता;

(ख) प्रतिपक्ष अथवा पक्षों, जैसा भी मामला हो, जहां तक उन्हें निर्धारित किया जा सके, का नाम, विवरण और पता;

(ग) शिकायत से संबंधित तथ्य और वे कब एवं कहां उत्पन्न हुए;

(घ) शिकायत में लगाए गए आरोपों के समर्थन में दस्तावेज;

(ङ) शिकायतकर्ता द्वारा दावा किया गया अनुतोष।

(2) उप-नियम (1) के अधीन की गई प्रत्येक शिकायत केसाथ नियम 7 में यथाविनिर्दिष्ट शुल्क जमा कराना होगा।

(3) राष्ट्रीय आयोग, उसके समक्ष दायर किसी शिकायत का निस्तारण करते समय, उसके द्वारा आवश्यक समझे जाने वाले आशोधनों के साथ धारा 37 और 38 के अधीन उपबंधित प्रक्रिया और शर्तों का पालन करेगा।

(4) सुनवाई की तारीख अथवा अन्य किसी तारीख जिस पर सुनवाई स्थगित की जाती है, पक्ष अथवा उनके प्राधिकृत अभिकर्ता राष्ट्रीय आयोग के समक्ष उपस्थित होंगे, और जहां

(क) अपीलकर्ता अथवा उसका प्राधिकृत अभिकर्ता उपस्थित होने में असफल रहता है, राष्ट्रीय आयोग, अपने विवेकानुसार, शिकायत को चूक के लिए खारिज कर सकता है अथवा विशिष्टता के आधार पर निर्णय दे सकता है।

(ख) प्रतिवादी अथवा उसका प्राधिकृत अभिकर्ता उपस्थित होने में असफल रहता है, राष्ट्रीय आयोग वाद की विशिष्टता के आधार पर एकपक्षीय निर्णय दे सकता है।

(5) राष्ट्रीय आयोग, ऐसे निबंधनों, जो वह उचित समझे, और कार्यवाहियों के किसी भी चरण में, शिकायत की सुनवाई को स्थगित कर सकता है, किंतु जहां तक सम्भव हो शिकायत पर निम्नलिखित अवधि के भीतर निर्णय लिया जाएगा –

(क) जहां शिकायत के संबंध में वस्तु के किसी विश्लेषण अथवा परीक्षण की आवश्यकता नहीं है, प्रतिपक्ष द्वारा सूचना प्राप्त हो जाने की तारीख से तीन माह की अवधि के भीतर; और

(ख) यदि शिकायत के संबंध में विश्लेषण अथवा परीक्षण आवश्यक हो तो पांच माह की अवधि के भीतर।

(6) उप-नियम (5) में विनिर्दिष्ट अवधि के पश्चात् निपटाई जा रही शिकायत के मामले में, राष्ट्रीय आयोग देरी के कारणों को लिखित रूप में लेखबद्ध करेगा।

(7) यदि कार्यवाहियों के संचालन के पश्चात् राष्ट्रीय आयोग शिकायत में सम्मिलित किए गए आरोपों से संतुष्ट है तो यह प्रतिपक्ष अथवा पक्षों, जैसा भी मामला हो, को धारा 39 की उप-धारा (1) में उल्लिखित एक अथवा अधिक कार्रवाईयों का निदेश देते हुए उसे अथवा उन्हें आदेश जारी करेगा।

(8) राष्ट्रीय आयोग को यह निदेश देने का भी अधिकार होगा कि उसके द्वारा पारित किए गए किसी ऐसे आदेश, जिसके लिए धारा 67 के अधीन किसी अपील को वरीयता नहीं दी गई है अथवा जहां उस धारा के अधीन राष्ट्रीय आयोग के आदेश की अभिपुष्टि उच्चतम न्यायालय द्वारा की गई है, को इसकी वेबसाइट पर अथवा किसी अन्य माध्यम से प्रकाशित किया जाएगा तथा ऐसे प्रकाशन के लिए राष्ट्रीय आयोग अथवा किसी अन्य माध्यम के विरूद्ध कोई विधिक कार्रवाई दायी नहीं होगी।

(9) राज्य आयोग और जिला आयोग उनके समक्ष दायर शिकायत के संबंध में ऐसे आशोधनों, जो आवश्यक हो, सहित इस नियम में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया का पालन करेगा।

13. **राष्ट्रीय आयोग के समक्ष अपीलें –** जहां धारा 51 के अधीन कोई अपील दायर की जाती है, अपीलकर्ता द्वारा जमा की जाने वाली राशि, जो कि उक्त धारा के दूसरे परंतुक में विनिर्दिष्ट है, पंजीयक, राष्ट्रीय आयोग के पक्ष में किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के रेखांकित डिमांड ड्राफ्ट, जो नई दिल्ली में देय होगा, के रूप में प्रेषित की जाएगी।

14. **राष्ट्रीय आयोग के समक्ष अपील दायर करने और सुनवाई की प्रक्रिया –** (1) अपीलकर्ता अथवा उसके प्राधिकृत अभिकर्ता द्वारा राष्ट्रीय आयोग में व्यक्तिगत रूप से अथवा राष्ट्रीय आयोग को संबोधित पंजीकृत डाक के माध्यम से एक ज्ञापन प्रस्तुत किया जाएगा।

(2) उप-नियम (1) के अधीन दायर किया गया प्रत्येक ज्ञापन प्राथमिकता के तौर पर टंकित अथवा पठनीय हस्तलिपि में होना चाहिए तथा किसी तर्क-वितर्क अथवा विवरणात्मक तथ्यों के बिना अपील के विशिष्ट शीर्षों, आधारों के अधीन संक्षेप में होना चाहिए तथा ऐसे आधारों को क्रमवार रूप से क्रमांक अंकित किया जाना चाहिए।

(3) ज्ञापन के साथ नियम, 16 में यथाविनिर्दिष्ट रेखांकित डिमांड ड्राफ्ट, राज्य आयोग के आदेश, जिसके विरूद्ध अपील की गई है, की प्रमाणित प्रति तथा ऐसे दस्तावेज जो ज्ञापन में उल्लिखित अपील के आधारों को समर्थित करने के लिए अपेक्षित हों, प्रस्तुत किए जाने चाहिए।

(4) यदि अपील धारा 51 में यथाविनिर्दिष्ट समयावधि की समाप्ति के पश्चात् प्रस्तुत की जाती है, तो ज्ञापन के साथ एक आवेदन जो एक ऐसे शपथपत्र द्वारा समर्थित किया जाएं जिस पर वे तथ्य दिए गए हों जिन पर अपीलकर्ता राष्ट्रीय आयोग को संतुष्ट करने के लिए निर्भर है कि उसके पास समयावधि के भीतर अपील को वरीयता न दिए जाने के पर्याप्त कारण हैं।

(5) अपीलकर्ता कार्यालय प्रयोजनों के लिए राष्ट्रीय आयोग को ज्ञापन की चार प्रतियां प्रस्तुत करेगा।

(6) सुनवाई की तारीख पर अथवा किसी अन्य दिन, जिसे सुनवाई स्थगित की जाए, पक्ष अथवा उनके प्राधिकृत अभिकर्ता राष्ट्रीय आयोग के समक्ष उपस्थित होंगे, और जहां

(क) अपीलकर्ता अथवा उसका प्राधिकृत अभिकर्ता उपस्थित होने में असफल रहता है, राष्ट्रीय आयोग, अपने विवेकानुसार, अपील को खारिज कर सकता है अथवा वाद की विशिष्टता के आधार पर एकपक्षीय निर्णय दे सकता है।

(ख) प्रतिवादी अथवा उसका प्राधिकृत अभिकर्ता उपस्थित होने में असफल रहता है, राष्ट्रीय आयोग एकपक्षीय कार्यवाही करेगा और वाद की विशिष्टता के आधार पर निर्णय देगा।

(7) अपीलकर्ता को ज्ञापन में उल्लिखित न किए गए किसी आधार के समर्थन में, राष्ट्रीय आयोग की अनुमति के बिना, आग्रह नहीं करेगा अथवा सुना नहीं जाएगा, किंतु राष्ट्रीय आयोग अपील पर निर्णय देते समय ज्ञापन में उल्लिखित अपील के अथवा इस नियम के अधीन राष्ट्रीय आयोग की अनुमति द्वारा लिए गए आधारों तक ही स्वयं को सीमित नहीं रखेगा:

परंतु राष्ट्रीय आयोग अपने निर्णय को किसी अन्य आधार पर नहीं छोड़ेगा जब तक कि उससे प्रभावित होने वाले पक्ष को राष्ट्रीय आयोग द्वारा कम-से-कम सुने जाने का अवसर प्रदान न किया गया हो।

(8) राष्ट्रीय आयोग द्वारा किसी भी चरण में सामान्यतः किसी भी स्थगन की अनुमति नहीं दी जाएगी, जब तक कि पर्याप्त कारण न दर्शाए गए हो और स्थगन की अनुमति के कारणों को राष्ट्रीय आयोग द्वारा लिखित रूप में लेखबद्ध न कर लिया गया हो:

परंतु राष्ट्रीय आयोग स्व-प्रेरणा से अपील की सुनवाई को ऐसे निबंधनों के आधार पर जो वह उचित समझें और कार्यवाही के किसी भी चरण में स्थगित कर सकता है, जिसके कारण लिखित रूप में लेखबद्ध किए जाएंगे, किंतु राष्ट्रीय आयोग यह यथासंभव सुनिश्चत करेगा कि अपील दायर होने की तारीख से नब्बे दिनों की अवधि के भीतर अपील पर निर्णय ले लिया जाए:

परंतु यह भी कि पहले परंतुक में विनिर्दिष्ट अवधि के बाद निस्तारित की जा रही अपील के मामले में, राष्ट्रीय आयोग उक्त अपील के निस्तारण के समय इसके कारणों को लिखित रूप में लेखबद्ध करेगा।

15. **राष्ट्रीय आयोग में सदस्यों की संख्या –** राष्ट्रीय आयोग में एक अध्यक्ष तथा न्यूनतम चार सदस्य और अधिकतम ग्यारह सदस्य, जिनमें से एक महिला सदस्य होगी, सम्मिलित होंगे।

16. **राष्ट्रीय आयोग की बैठक और आदेशों पर हस्ताक्षर करना –** (1) राष्ट्रीय आयोग की प्रत्येक कार्यवाही का संचालन राष्ट्रीय आयोग के अध्यक्ष द्वारा एक अथवा एक से अधिक सदस्यों, जैसा वह उचित समझे, को सम्मिलित करते हुए गठित की गई पीठ के सद्स्यों द्वारा किया जाएगा।

(2) राष्ट्रीय आयोग द्वारा दिए गए प्रत्येक आदेश पर कार्यवाही का संचालन करने वाले सदस्यों द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे और यदि पीठ के सदस्यों की राय में कोई भिन्नता है, सदस्यों का बहुमत राष्ट्रीय आयोग का आदेश होगा।

17. **उच्चतम न्यायालय के समक्ष दायर की गई अपीलों के लिए शुल्क जमा करने की पद्धति –** जब धारा 67 के अधीन उच्चतम न्यायालय के समक्ष कोई अपील दायर की जाती है, अपीलकर्ता द्वारा जमा किया जाने वाला शुल्क, जो उस धारा के दूसरे परंतुक में विनिर्दिष्ट है, पंजीयक, उच्चतम न्यायालय के पक्ष में किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के रेखांकित डिमांड ड्राफ्ट के रूप में प्रेषित किया जाएगा, जो नई दिल्ली में देय होगा।

18. **राज्य आयोग द्वारा जानकारी प्रस्तुत करना –** राज्य आयोग इन नियमों की अनुसूची I में यथाविनिर्दिष्ट प्रपत्र में तिमाही आधार पर केंद्रीय सरकार को जानकारी प्रस्तुत करेंगे।

अनुसूची I

[नियम 18]

कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति

(तिमाही कार्य निष्पादन रिपोर्ट)

उपभोक्ता आयोगों का कार्यकरण/उपभोक्ता संरक्षण के उपाय

राज्य का नाम:

<table>
<tr><td>1.</td><td colspan="5">राज्य आयोग और जिला मंचों की स्थापना:</td></tr>
<tr><td>I</td><td colspan="3">राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में जिलों की कुल संख्या</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>II</td><td colspan="3">राज्य में जिला आयोगों की संख्या</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td></td><td colspan="3">(क) कुल स्थापना:</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td></td><td colspan="3">(ख) कार्यशील:</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td></td><td colspan="3">(ग) गैर-कार्यशील:</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td></td><td colspan="3">(घ) उन जिलों के नाम जिनमें जिला आयोग की स्थापना किया जाना बाकी है:</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td></td><td colspan="3">(ङ) उन जिलों की संख्या जिनमें जिला आयोग की स्थापना किया जाना बाकी है:</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td></td><td rowspan="2">(च) उन जिलों की संख्या जिनमें एक से अधिक जिला आयोग स्थापित किए गए हैं</td><td colspan="2">जिले का नाम</td><td colspan="2">जिला आयोगों की संख्या</td></tr>
<tr><td></td><td colspan="2"></td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>III</td><td>क्या राज्य आयोग कार्यशील है</td><td colspan="2"></td><td>हां</td><td>नहीं</td></tr>
<tr><td>IV</td><td rowspan="2">स्वीकृत पद एवं रिक्तियों की संख्या</td><td colspan="2">राज्य आयोग</td><td colspan="2">जिला आयोग</td></tr>
<tr><td></td><td>स्वीकृत पद</td><td>रिक्त पद</td><td>स्वीकृत पद</td><td>रिक्त पद</td></tr>
<tr><td></td><td>(क) अध्यक्ष</td><td colspan="2"></td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td></td><td>(ख) सदस्य</td><td colspan="2"></td><td colspan="2"></td></tr>
</table>

	(ग) रिक्त पदों के कारण तथा उन्हें भरने के लिए की गई कार्रवाई (पृथक रूप से संलग्न किया जाए)				
2.	**राज्य आयोग और जिला आयोग का कार्य निष्पादन**				
I	(क) स्थापना काल से दायर किए गए कुल मामले	राज्य आयोग		जिला आयोग	
	(ख) निपटाए गए मामले				
	(ग) निर्धारित समय मानदंडों के भीतर निपटाए गए मामले				
	(घ) लोक अदालत पद्धति के माध्यम से निपटाए गए मामलों की संख्या				
II	लंबित मामलों का विस्तृत विवरण (मामलों की संख्या का उल्लेख करें)	राज्य आयोग		जिला आयोग	
	(क) 3 माह से अधिक और 1 वर्ष तक				
	(ख) 1 वर्ष से अधिक और 2 वर्ष तक				
	(ग) 2 वर्ष से अधिक और 5 वर्ष तक				
	(घ) 5 वर्ष से अधिक				
III	समय मानदंडों के भीतर की अवधि में निपटाए गए मामले (संख्या का उल्लेख करें)	राज्य आयोग		जिला आयोग	
	(क) 15 मार्च 2002 के बाद प्राप्त मामले				
	(ख) उपरोक्त (क) में से समय मानदंडों के भीतर की अवधि में निपटाए गए मामले (संख्या और %)				
3.	**कानफोनेट परियोजना का कार्यान्वयन**				
I	कम्प्यूटर हार्डवेयर/सॉफ्टवेयर	राज्य आयोग		जिला आयोग (संख्या)	
	(क) प्राप्त किए गए	हां	नहीं		
	(ख) संस्थापित किए गए	हां	नहीं		
	(ग) कार्यशील	हां	नहीं		
II	कम्प्यूटरों के माध्यम से किए जा रहे कार्यकलाप	राज्य आयोग		जिला आयोग (संख्या)	
	(क) क्या मामला निगरानी प्रणाली संस्थापित और कार्यशाली है;	हां	नहीं		
	(ख) क्या मामले का वास्तविक समय डाटा प्रविष्ट किया गया है?	हां	नहीं		
	(ग) क्या वाद सूची और निर्णय को वेबसाइट पर डाला जा रहा है?	हां	नहीं		
4	**प्रशिक्षण**				
(क)	भारतीय लोक प्रशासन संस्थान में सदस्यों/अध्यक्ष का प्रशिक्षण	प्रशिक्षण योजना के अनुसार में वर्ष में		अब तक प्रशिक्षित किए	तिमाही के दौरान

		प्रशिक्षित किए जाने वाले	गए	
(ख)	बीआईएस प्रशिक्षण संस्थान में राज्य/जिला स्तरीय अधिकारियों का प्रशिक्षण			
(ग)	कानफोनेट के अधीन प्रशिक्षण			
	(क) अध्यक्ष तथा सदस्य			
	(ख) अन्य स्टॉफ			
(घ)	अन्य कोई प्रशिक्षण			

[फा. सं. जे-10/6/2018-सीपीयू]

अमित मेहता, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF CONSUMER AFFAIRS, FOOD AND PUBLIC DISTRIBUTION

(DEPARTMENT OF CONSUMER AFFAIRS)

NOTIFICATION

New Delhi, the 15 July, 2020

G.S.R. 448(E).— In exercise of the powers conferred by sub-section (1) and clauses (a), (p), (q), (s), (u), (v), (y), (z), (zd), (ze), and (zj) of sub-section (2) of section 101 of the Consumer Protection Act, 2019 (35 of 2019) and in supersession of the Consumer Protection Rules, 1987 in so far as they relate to matters covered under these rules, except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the Central Government hereby makes the following rules, namely:-

1. **Short title and commencement.— (1)** These rules may be called the Consumer Protection (Consumer Disputes Redressal Commissions) Rules, 2020.

(2) They shall come into force on the 20th day of July,2020.

2. **Definitions**. —(1) ln these rules, unless the context otherwise requires,—

(a) 'Act' means the Consumer Protection Act 2019 (35 of 2019);

(b) 'appellant' means a person who makes an appeal against the order of the National Commission, the State Commission or the District Commission, as the case may be;

(c) 'authorised agent' means a person duly authorised by a party to present any complaint, appeal or reply on behalf of such party before the National Commission, the State Commission, or the District Commission, as the case may be;

(d) ‘Commission’ means the District Commission, the State Commission, or the National Commission, as the case may be;

(e) ‘Consumer Welfare Fund’ means the Consumer Welfare Fund established by a State Government or, as the case may be, by the Central Government under section 57 of the Central Goods and Services Tax Act, 2017 (12 of 2017) ;

(f) 'memorandum' means any memorandum of appeal filed by the appellant;

(g) 'nationalised bank' means a corresponding new bank specified in the First Schedule to the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970 (5 of 1970) or a corresponding new bank specified in the First Schedule

to the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1980 (40 of 1980);

(h) 'opposite party' means a person who answers a complaint under the Act;

(i) 'President' means the President of the National Commission, the State Commission or the District Commission, as the case may be;

(j) 'respondent' means the person who answers any memorandum of appeal;

(k) "section" means a section of the Act;

(l) 'State' includes a Union territory;

(2) The words and expressions used herein, but not defined and defined in the Act shall have the meaning assigned to them in the Act.

3. **Working days and office hours of National Commission**. — The working days and office hours of the National Commission shall be the same as that of the Central Government.

4. **Seal and emblem. —** The official seal and emblem of the National Commission shall be such as the Central Government may specify.

5. **Sitting of National Commission. —** The President of the National Commission shall convene sittings of the National Commission as and when it may be necessary, and such sittings shall be notified by the National Commission.

6. **Manner of authentication of goods by National Commission for analysis and testing.-**(1)The National Commission may direct the complainant to provide one or more than one sample of the goods in clean containers with stopper properly fixed on them for the purposes of testing or analysis.

(2) On receiving the samples of such goods, the National Commission shall seal it and fix labels on the containers carrying the following information, namely:-

(a) the name and address of the appropriate laboratory to whom sample shall be sent for analysis and test;

(b) the name and address of the National Commission;

(c) the case number; and

(d) the official seal of the National Commission.

(3) The sealed sample shall be sent to the recognised laboratory by the National Commission.

(4) The recognized laboratory shall, after receiving sealed sample and examining it, shall forward its report to the National Commission within forty-five days or within such extended time as may be granted by the National Commission, specifying the nature of the defect and date of submission of report.

7. **Fee for making complaints. –** (1) Every complaint filed under sub-section (1) of section 35 or under sub-clauses (i) and (ii) of clause (a) of sub-section (1) of section 47 or under sub-clauses (i) and (ii) of clause (a) of sub-section (1) of section 58 shall be accompanied by a fee, as specified in the table given below, in the form of crossed Demand Draft drawn on a nationalised bank or through a crossed Indian Postal Order in favour of the President of the District Commission or the Registrar of the State Commission or the Registrar of the National Commission, as the case may be, and payable at the respective place where the District Commission, State Commission or the

National Commission is situated, or through electronic mode as per arrangement made by the Commission concerned.

